# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412–270555
Email- commratlam@mpurban.gov.in
फैक्स नं. 07412–270556
Website- www.rmcratlam.in

क्रमांक 299 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 24–2–2022

// बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 24–2–2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :–

1– श्री विकास सोलंकी, उपायुक्त
2– श्री मो0 हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री
3– श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
4– श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी
5– श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
6– श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री
7– श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
8– श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
9– श्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री
10– सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
11– श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी–3,
12– श्री धर्मेन्द्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक जोन प्र0 –2
13– श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी जोन प्रभारी –1
14– श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी, जोन प्रभारी –4
15– श्री कोमलसिंह चौहान स0रा0नि0
16– श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग–3
17– श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग–2
18– श्री विजय कपूर, स0रा0नि0
19– श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
20– श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
21– श्री एहसान खान, स0रा0नि
22– श्री महेश व्यास, स0रा0नि
23– श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
24– श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग–3
25– श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग–3
26– श्री जितेन्द्र सिसोदिया,
27– श्री वासुदेव बैरागी
28– श्री विराट मेहरा
29– श्री सोरभ काला,
30– श्री राकेश पाण्डे,
31– श्री राजेश जैन,
32– श्री कुलदीप भट्ट

बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

1– सफाई मित्रों के साप्ताहिक अवकाश के संबंध में आदेश जारी किया जा रहा है, तदुसार कर्मचारियों का अवकाश रहेगा, अगले सोमवार से कोई भी कर्मचारी एक दिन भी बिना सूचना/अवकाश स्वीकृत कराये बिना अनुपस्थित रहेगा उनके विरूद्ध नियमित कर्मचारी के निलंबन एवं दे0वे0 को सेवा से बर्खास्त किया जावेगा, तदनुसार चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी अपने–अपने–प्रभार के क्षेत्र के कर्मचारियो को सूचित कर देवे,

रविवार के दिन कार्य व्यवस्था बाबत चारो जोन प्रभारी कर्मचारियों के नाम की सूची स्वास्थ्य अधिकारी को उपलब्ध करावें ।

(कार्यवाही– प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियोजित कर्मचारी)

2– नगर के विभिन्न क्षेत्रो में स्थित औषधी पार्क के रख–रखाव के लिये नियमित रूप से सिंचाई की जाने हेतु चारो जोन में स्थित बगीचो में क्या व्यवस्था है, तथा क्या व्यवस्था की जाना है, तत्संबंधी सूची तैयार कर दिनांक 25–2–2022 को श्री मो0हनीफ शेख प्र0कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को उपलब्ध करावें, श्री शेख, उक्तानुसार समस्त व्यवस्था दिनांक 27–2–22 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें, नियत समयावधि में कार्य अपूर्ण पाया जाने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही– प्र0कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय, उपयंत्री जलप्रदाय, स्वास्थ्य विभाग के चारो जोन प्रभारी, उद्यान प्रभारी एवं उद्यान पर्यवेक्षक)

3– सालिड वेस्ट के निपटान हेतु 1 ट्रेक्टर–ट्राली 4 श्रमिक तगारी–फावड़ा के साथ लगावे, उक्त श्रमिक शहर में ऐसे समस्त स्थान जहां सालिड वेस्ट (रेत,गिट्टी,पत्थर आदि) पाया जावे उसे तत्काल उठावे । इसी प्रकार उद्यान शाखा में 1 ट्रेक्टर–ट्राली मय श्रमिक के लगाई जावे जो फूटपाथ, डिवाईडर आदि स्थानो पर पाई जाने वाली सूखीघांस, पत्तियां, झाड़िया आदि को हटाकर ऐसे स्थानों को बिलकूल साफ करें ।

(कार्यवाही– प्र0कार्यपालन यंत्री कर्मशाला, एवं लोक निर्माण विभाग, श्री बृजेश कुशवाह, श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री, उद्यान प्रभारी एवं उद्यान पर्यवेक्षक)

4– सिटी ब्यूटिफिकेशन के लिये चयनित स्थानो पर दिनांक 24–2–2022 से कार्य प्रारंभ किया जाना अवगत कराया गया, दिनांक 25–2–22 से चारो जोन के 2–2– स्थानों में कार्य कराया जाकर 6 दिनों में उक्त कार्य सम्पन्न कराया जावे ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं क्षेत्र से संबंधित उपयंत्री)

5– ट्रिटेट पानी के पुर्नउपयोग के संबंध में चर्चा के दौरान दिये गये निर्देश अनुसार आम सूचना जारी करे, तथा इस संबंध में अनाउंसमेन्ट भी करया जावे ।

(कार्यवाही श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कार्यपालन यंत्री)

6– प्लास्टिक प्रतिबंध – प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में निरन्तर स्पाट फाईन किया जावे, दुकानदारो को सूचना देवे कि ऐसे प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर दिया गया है, इसका उपयोग नहीं करें, बड़े स्थानो पर जहां ऐसी सामग्री विक्रय की जाती है वहां पूरी टीम के साथ जाकर स्पाट फाईन करें । स्पाट फाइन की दरे तय किये जाने बाबत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें । स्पाट फाईन टीम बैठक में चर्चा में दिये निर्देश अनुसार स्पाट फाईन करें, तदनुसार प्रतिदिन 500 स्पाट फाईन का लक्ष्य नियत किया जाता है ।

(कार्यवाही, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं स्पाट फाईन टीम)

7– जीन क्षेत्रो में अभी भी जी0वी0पी है, उन्हे बन्द किये जाने के संबंध में नियत समयावधि में पूर्व में 3 दिन की वृद्धि दिनांक 23–4–22 को की गई है, अतः उक्त कार्य नियत समयावधि में पूर्ण किया जावे शहर में किसी भी स्थान पर जी0वी0पी0 नहीं होना चाहिये, नियत समयावधि पश्चात जिस क्षेत्र में जी0वी0पी0 पाया जावेगा उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी एवं 7–7 दिन का वेतन काटा जावेगा ।

(कार्यवाही– प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियोजित कर्मचारी)

8– जी0पी0एस0 सिस्टम आज ही प्रारम्भ करवाया जावे, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जावे, लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी का वेतन रोकने बाबत कारण बताओ सूचना–पत्र जारी करें ।

(कार्यवाही श्री विकास सोलंकी, उपायुक्त, श्री मो0हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री, श्री सौरभ काला)

9– खुले में शौच/पेशाब करने वाले के विरूद्ध स्पाट फाईन एवं वैधानिक कार्यवाही कर की गई कार्यवाही सोशल मिडिया पर प्रचारित करें, खुले में मल/मूत्र त्याग पाया जाने पर उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, वार्ड दारोगा तथा वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षणकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी तथा 7–7– दिन का वेतन काटा जावेगा । यूरीनल हेतु शहर में स्थान चयन करे, वहां 20–25 अस्थायी यूरिनल स्थापित करें ।

(कार्यवाही, श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

10– खाली प्लाटो पर कचरा फैलाने वालो को नोटिस जारी किये गये है, उन्हे तामिल करावे, समयावधि पश्चात फाईन वसूला जावे, चारो जोन प्रभारी दिनांक 25–2–22 को अपने–अपने जोन के 10–10 खाली प्लाट जिन पर कचरा फैला है उनके नोटिस जारी कर तामिल कराए एवं तत्संबंधी जानकारी सायंकालीन समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही–प्र0स्वास्थ्य अधिकारी चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

11– सी0टी0/पी0टी0 का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे , तथा कहीं कोई कमी हो तो पूर्ण करावें, जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, उक्त आदेश वाट्स एप ग्रुप में डाले ।
(कार्यवाही श्री सुरेश व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख,प्र0 कार्यपालन यंत्री, श्री एस0पी0आचार्य, प्र0प्रकाश विभाग)

12– वाल पैंटिंग कार्य बहूत धीमी गति से हो रहा है, इसमें तेजी लाई जावे संबंधित को उक्त कार्य हेतु टीम बढ़ाई जाने बाबत सूचित करें ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री)

समस्त अधिकारी कर्मचारी जिन्हे दायित्व सौपा गया है, वह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करें । उपरोक्तानुसार एवं चर्चा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों का समस्त संबंधित पालन किया जाना सुनिश्चित करें ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम

पृ0क्र0/ 299 /सा0प्र0/2022 दिनांक 28–2–2022 25
प्रतिलिपि :–

1– कलेक्टर एवं प्रशासक, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।
2– सर्व संबंधित श्री —————————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम